कार्यालय,प्राचार्य अग्रणी शासकीय गृहविज्ञान स्नातकोत्तर महाविद्यालय नर्मदापुरम (म0प्र0)

फोन/फैक्स : 07574-254072
महाविद्यालय कोड - 3202
ईमेल : heghsgpgchos@mp.gov.in
महाविद्यालय वि.वि. कोड - 147
www.mp.gov.in/highereducation/ hoshangabad
NAAC Grade - B++

क्रमांक................... / स्था. / 2024

चुनाव है लोकतंत्र की शान,
वोट देकर करों इसका सम्मान

नर्मदापुरम, दिनाँक 13 /07/ 2024

# विज्ञप्ति

उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार जिला नर्मदापुरम के शासकीय महाविद्यालयों में दिव्यांगजनों के रिक्त पदों पर भर्ती हेतु निम्नांकित अनुसार विज्ञप्ति जारी की जाती है । इच्छुक उम्मीदवार महाविद्यालय की वेब-साइट - **https://govthomesciencecollegehbd.com/default.aspx** के नोटिस बोर्ड पर प्रदर्शित विज्ञप्ति की शर्तो का पालन करते हुए अपना ओवदन समस्त दस्तावेजों के साथ विज्ञप्ति प्रकाशन की तिथि से 21 दिवस तक कार्यालयीन समय में प्रस्तुत कर सकतें है ।

| क्र. | पदनाम | पद संख्या | श्रेणी |
|---|---|---|---|
| 1. | प्रयोगशाला परिचारक | 01 | बहरे और कम सुनने वाले (**EH**) |
| 2. | भृत्य | 01 | लोकोमीटर डिसेबीलिटी जिसमें सम्मिलित है - सेरेब्रल, पाल्सी, कुष्ठ रोग, मुक्त, बौनापन, एसिड अटैक पीडित, मस्कूलर डिस्ट्राफी (**LD**) |
| 3. | भृत्य | 01 | बहरे और कम सुनने वाले (**EH**) |
| 4. | भृत्य | 01 | दृष्टिबाधित और कम दृष्टि (**VH**) |

प्राचार्य
शास. गृहविज्ञान स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
नर्मदापुरम (म.प्र.)

## शैक्षिणक योग्यता/अर्हता

| | | |
|---|---|---|
| 1 | सहायक ग्रेड-3 | 1. हायर सेकेंडरी (10+2) परीक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य ।<br>2. निम्नांकित संस्थाओं में से किसी एक संस्था/विश्वविद्यालय से 01 वर्षीय कम्प्यूटर डिप्लोमा/सर्टिफिकेट अनिवार्य है:-<br>(क) यू.जी.सी. द्वारा मान्यता प्राप्त किसी भी विश्वविद्यालय से डिप्लोमा।<br>(ख) यू.जी.सी. द्वारा मान्यता प्राप्त किसी भी मुक्त विश्वविद्यालय से डिप्लोमा।<br>(ग) डी.ओ.ई.ए.सी.सी./नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इंफारमेशन टेक्नोलॉजी (NIELIT) से डिप्लोमा स्तर की परीक्षा।<br>(घ) शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज से मॉडर्न ऑफिस मैनेजमेंट कोर्स।<br>(ड) शासकीय आई.टी.आई. द्वारा एक वर्षीय कम्प्यूटर ऑपरेटर एवं प्रोग्रामिंग असिस्टेट (COPA) प्रमाण-पत्र ।<br>उक्त मान्यता प्राप्त संस्थाओं से कम्प्यूटर डिप्लोमा के अलावा निम्न अर्हता भी मान्य होगी:-<br>उपरोक्त निर्दिष्ट संस्थाओं से बी.ई.(सी.एस.ई. / आई.टी.) / एम.सी.ए. / बी.सी.ए. / एम.एस.सी.(आई.टी. / सी.एस.) बी.एस.सी. (आई.टी. / सी.एस.) एम.टेक. / एम.ई. इत्यादि ।<br>अथवा<br>ए.आई.सी.टी.ई. से अनुमोदित पॉलिटेनिक डिप्लोमा इन कम्प्यूटर साईंस/कम्प्यूटर एप्लिकेशन एवं इंफारमेशन टेकनोलॉजी ।<br>टीप :- बी.एस.सी./बी.कॉम/अन्य उपाधियां जिनमें केवल एक विषय के रूप में सम्मिलित है मान्य नहीं होगी ।<br>3.म.प्र. शासन विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा आयोजित कम्प्यूटर प्रमाणिकरण दक्षता परीक्षा (CPCT) हिन्दी टायपिंग 20 शब्द प्रतिमिनट अथवा उससे अधिक में उत्तीर्ण होना अनिवार्य । |
| 2 | प्रयोगशाला परिचारक | 10 वीं कक्षा उत्तीर्ण, |
| 3 | भृत्य | 8 वीं कक्षा उत्तीर्ण |
| 4 | अन्य चतुर्थ श्रेणी | सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी नियमानुसार |

## आवश्यक नियम एवं निर्देश :-

1. आवेदक का मध्यप्रदेश का मूल निवासी होना अनिवार्य है।
2. समस्त प्रमाण पत्र की स्वंय सत्यापित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
3. आवेदक की आयु न्यूनतम 18 वर्ष एवं अधिकतम 45 वर्ष निर्धारित है ।
4. आवेदक का म.प्र. में किसी भी रोजगार कार्यालय में जीवित पंजीयन होना अनिवार्य है।
5. विभाग में कार्यरत आवेदक कर्मचारी नियोजक के माध्यम से आवेदन कर सकते है।
6. साक्षात्कार के समय सभी प्रमाण-पत्रों की मूल प्रतियां दिखाना अनिवार्य है।
7. संबंधित जिले के शासकीय जिला चिकित्सालय में मेडिकल बोर्ड के द्वारा जारी किया गया ही मान्य होगा, ऐसे दिव्यांग जिनकी दिव्यांगता 40 प्रतिशत से कम है वे अपात्र मान्य किये जावेंगे तथा साथ ही यू.डी.आई.डी. से जारी दिव्यांगता डिजिटल प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा ।
8. कोई भी उम्मीदवार जिसने विवाह के लिये निर्धारित की गई न्यूनतम आयु से पूर्व विवाह कर लिया हो, इस पद पर नियुक्ति के लिये पात्र नहीं होगा।
9. जिस आवेदक को 02 से अधिक संतान है उनमें से एक का जन्म यदि 26 जनवरी 2001 को या उससे पश्चात हुआ हो तब ऐसा आवेदक नियुक्ति के लिये पात्र नहीं होगा।
10. साक्षात्कार से पूर्व संबंधित पद की समस्त अर्हता/योग्यता आवेदक के पास होना आवश्यक है।
11. नियुक्ति से संबंधित सभी अधिकार आयुक्त, उच्च शिक्षा भोपाल के पास सुरक्षित होगें।
12. सामान्य प्रशासन विभाग के ज्ञापन क्रमांक दिनांक 17/07/2014 के अनुसार नि:शक्तजनों की नियुक्ति के पश्चात् एवं उनके कार्यभार ग्रहण करने के पूर्व जिला मेडिकल बोर्ड से नि:शक्तता प्रमाण पत्र का परिक्षण कराया जाये ।
13. सामान्य प्रशासन विभाग के ज्ञापन दिनांक 13.10.2015 के अनुसार मूक बधिर श्रेणी के नि:शक्तजनों की शासकीय भर्ती से पूर्व मेडिकल बोर्ड में बैरा टेस्ट (Bera Test) कराना अनिवार्य है।
14. मध्यप्रदेश सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय के पत्र दिनांक 31.05.2024 की कंडिका 2.4 के अनुसार दिव्यांगजनों के लिए आरक्षित रिक्त पदों की पूर्ति वॉक-इन-इंटरव्यू के माध्यम से की जाये, यह स्पष्ट किया गया है कि वॉक-इन-इंटरव्यू से आशय साक्षात्कार के लिए पृथक से अंक दिये जाने की आवश्यकता नहीं है । उच्च शिक्षा विभाग के रिक्त पदों के लिए नियमों में उल्लेखित आवश्यक शैक्षणिक एवं अन्य अर्हता के आधार पर मैरिट सूची बनायी जाकर पद पूर्ति की जायें।
15. इस विशेष भर्ती अभियान में सामान्य प्रशासन विभाग एवं मध्यप्रदेश उच्च शिक्षा विभाग के समय-समय पर जारी नियम एवं निर्देश लागू किये जावेंगे।

# आवेदन पत्र का प्रारूप

नवीन कलर पासपोर्ट फोटो

प्रति,

प्राचार्य,
समस्त अग्रणी महाविद्यालय
मध्यप्रदेश।

1. आवेदित पद का नाम ........................................................................
2. आवेदक/आवेदिका का पूरा नाम ........................................................
3. आवेदक/आवेदिका के पिता/पति का नाम ............................................
4. जन्म तिथि (10+2 प्रमाण पत्र के आधार पर) : वर्ष ............... माह ............... दिन ........................
5. वर्ग(OBC/ SC/ ST/ EWS/ UR) ............................................................
6. यदि आवेदक विवाहित हो तो विवाह के प्रमाण पत्र के अनुसार विवाह दिनांक ................................
7. जीवित बच्चों का विवरण ...................................................................
8. स्थाई पता ........................................................................................
9. रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन क्रमांक एवं रोजगार कार्यालय का नाम..........................
   ..................................................................................................
10. शैक्षणिक योग्यता( कम्प्यूटर डिप्लोमा एवं सी.पी.सी.टी. स्कोर कार्ड की जानकारी सहित)

| क्र. | परीक्षा का नाम | संस्था/बोर्ड/विश्वविद्यालय का नाम | विषय | प्राप्तांक | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |

11. अतिरिक्त विशेष योग्यता/अनुभव यदि हो तो ........................................................

12. उपरोक्त विवरण के संबंध में सभी प्रमाण पत्र की छायाप्रति अभिप्रमाणित कर प्रस्तुत करें।
संलग्न :- प्रमाण पत्रों की सत्यापित प्रति।

आवेदक/आवेदिका के हस्ताक्षर

//घोषणा पत्र//

मै घोषणा करता हूँ /करती हूँ कि उपरोक्त सभी जानकारी जो मेरे द्वारा गई है। वह मेरे विवेक एवं ज्ञान से पूर्णत: सत्य है। जानकारी असत्य पाई जाने पर मेरा आवेदन निरस्त माना जावेगा।
स्थान :-

आवेदक/आवेदिका के हस्ताक्षर एवं पूरा पता

..............................................................